ट्रेड शो में लगेंगे 17 विभागों के स्टॉल

आयोजन

लखनऊ, विशेष संवाददाता। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद अब ग्रेटर नोएडा में पहला इंटरनेशनल ट्रेड शो आयोजित करने जा रही योगी सरकार इसके माध्यम से विभिन्न विभागों के उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने का प्रयास करेगी। इसके तहत कुल 17 विभागों को आगामी 21 से 25 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट के विशाल परिसर में होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो में स्टॉल लगाने की मंजूरी दे दी गई है।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि ये सभी स्टॉल सेकेंड फ्लोर के हॉल नंबर-2 में लगाए जाएंगे, जहां आने वाले नेशनल और इंटरनेशनल बायर्स के लिए तमाम तरह की पब्लिक एमिनिटीज का भी ख्याल रखा जाएगा। इस इंटरनेशनल ट्रेड शो के लिए दुनिया भर के 400 से ज्यादा बायर्स ने हिस्सा लेने की पुष्टि कर दी है। ये बायर्स न सिर्फ इंटरनेशनल ट्रेड शो में हिस्सा लेंगे, बल्कि उत्तर प्रदेश के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए संभावनाओं पर भी काम करेंगे। 21 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस इंटरनेशनल ट्रेड शो का शुभारंभ करेंगी।

ओडीओपी का स्टॉल होगा सबसे बड़ा : ट्रेड शो कुल 2088 स्क्वायर मीटर एरिया में आयोजित किया जा रहा है। इसके ले-आउट प्लान के अनुसार कुल 17 विभागों के स्टॉल को यहां इंस्टाल किया जाएगा। इसमें सबसे बड़ा स्टॉल ओडीओपी और सूचना जनसम्पर्क का होगा। ओडीओपी के स्टॉल पर प्रदेश में तमाम जिलों के खास उत्पादों की श्रंखला रहेगी।

यूपी के पहले इंटरनेशनल ट्रेड शो के खास बिन्दु

1 विभिन्न विभागों के उत्पादों एवं उनकी योजनाओं व नीतियों का प्रचार प्रसार करेगी सरकार

2 ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर के हॉल नंबर 2 पर लगेंगे सभी स्टॉल

3 ओडीओपी के स्टॉल को मिली प्राथमिकता, एंट्रेंस पर ही सबसे बड़े एरिया में होगा स्टॉल

4 21 सितंबर को राष्ट्रपति मुर्मु करेंगी यूपी के पहले इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन

पद्मश्री पुरस्कार विजेताओं के लिए होगी खास व्यवस्था

दूसरी तरफ ओडीओपी के साथ ही 100 स्क्वायर मीटर में पद्मश्री पुरस्कार विजेताओं के लिए स्थान दिया गया है। इसके ठीक बगल में नगर विकास विभाग को भी इतने ही बड़े क्षेत्र में स्टॉल लगाने की मंजूरी मिली है। इसके आगे चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (100 स्क्वायर मीटर) और चिकित्सा शिक्षा विभाग (97 स्क्वायर मीटर) के स्टॉल होंगे।

ट्रेड शो में यूपी की बदलती हुई तस्वीर पेश की जाए: मिश्र

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो और मोटो जीपी रेस की तैयारियों की समीक्षा की। इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन 21 से 25 सितंबर तक और मोटो जीपी रेस का आयोजन 22 से 24 सितंबर तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसमें यूपी की बदलती तस्वीर को पेश किया जाए।